5 करोड़ का केमिकल खंती में छोड़ भागे

सुनसान जंगल में रात्रि गश्त के दौरान भारी मात्रा में केमिकल जब्त किया

पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, केमिकल से भरे ड्रम की पैकिंग गोघटपुर की तर्ज पर की गई

नवभारत न्यूज

माचलपुर 08 फरवरी, सं. बीते दिनों गोघटपुर में रघुनंदन पाटीदार के ठिकाने से एमडी ड्रग बनाने का केमिकल और सामान बड़ी मात्रा में बरामद किया गया था. इसके बाद अब उसी ईलाके में सुनसान जंगल से पुलिस को रात की गश्त के दौरान करीब 5 करोड़ का केमिकल एक खंती से लावारिस हालत में मिला है. पुलिस को आशंका है कि अज्ञात लोगों ने इसे छिपाने के लिए यहां रखा होगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है. इधर जब्त माल को पुलिस ने बरामद किया है जिसकी मात्रा करीब 266 किलो से अधिक बताई जा रही है.

जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को थाना माचलपुर में पदस्थ उप निरीक्षक गुड्डू कुशवाह को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत में बनी खंती में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल ड्रमों में छिपाकर फेंका गया है. पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्षियों की उपस्थिति में तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान खंती में 05 नीले रंग के ड्रम मिले, जिनमें प्लास्टिक की पन्नियों में भरा हुआ सफेद रंग का क्रिस्टल जैसा कैमिकल पाउडर पाया गया, जिससे तीव्र एवं कसैली गंध आ रही थी.

अज्ञात लोग उसी इलाके में छोड़ गए केमिकल के ड्रम

पुलिस के सामने इस प्रकार ड्रम से भरे केमिकल का जखीरा मिलना भी बड़ी उलझन पैदा कर रहा है . सवाल यह सामने आ रहा है कि इतने संवदेनशील गतिविधि के गोघटपुर में उजागर होने के बाद अज्ञात आरोपियों ने उसी ईलाके में 5 करोड़ का संदिग्ध केमिकल एक जंगल की खंती में क्यों छोड़ दिया . जिस स्थान से यह केमिकल मिला है वह गोघटपुर से ज्यादा दूर नहीं है . क्या इसके पीछे स्थानीय अपराधियों का हाथ है अथवा अन्य किसी राज्य का नेटवर्क अभी भी सक्रिय है और पुलिस वहां तक नहीं पहुंची है . रघुनंदन पाटीदार भी फरार है .

रघुनंदन पाटीदार को ढूंढ रहीं पुलिस टीमें

इधर राजस्थान और जिले की पुलिस टीमें पिछले 5 दिनों से रघुनंदन पाटीदार को खोजने में लगी है . आरोपी का अब तक सुराग नहीं मिला है . राजस्थान पुलिस ने मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में आगर, सुसनेर और झालरापाटन से लिया था . मामले में वे ही आरोपी गिरफ्त में आए है .

गोघटपुर मामले से जुड़ रहा कनेक्शन

पुलिस कार्यवाही के बाद इस पूरे मामले को गोघटपुर प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है. पुलिस सूत्रों के अनुसार जो ड्रम आदमपुर जंगल की एक खंती से बरामद हुए है उनकी पैंकिंग वैसी ही है जैसे गोघटपुर ठिकाने से बरामद हुए सामानों की थी. इस पूरे मामले को रघुनंदन पाटीदार के ठिकाने से उससे जुड़े गिरोह से जोड़कर देखा जा रहा है.

अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

प्रारंभिक परीक्षण एवं अनुभव के आधार पर उक्त पदार्थ एमडी ड्रग्स (मादक पदार्थ) निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल होना पाया गया. इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से तौल करने पर ड्रमों सहित कुल वजन 266.9 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 05 करोड़ रुपये है. उक्त संपूर्ण मादक पदार्थ को विधिवत सीलबंद कर, साक्षियों की उपस्थिति में जप्त किया गया। कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्तशुदा माल को सुरक्षित रूप से मालखाने में जमा किया गया. इस संबंध में थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 35/2026, धारा 30 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है. अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन जांच जारी है.

अव्यवस्थाओं के बीच परीक्षा, विद्यार्थी परेशान

नवभारत न्यूज

विदिशा, शहर के डंडापुर स्थित महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में रविवार तीन अलग-अलग बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन एक ही केंद्र पर किया गया.

इस परीक्षा केंद्र पर उत्कृष्ट मॉडल स्कूल और सर्वोदय विद्यालय के परीक्षार्थी भी शामिल हुए. कुल 704 छात्र-छात्राएं रविवार इस केंद्र पर परीक्षा दे रहे हैं, जिससे सुबह के समय विद्यालय परिसर में काफी हलचल देखने को मिली. सुबह जब विद्यार्थी अपना रोल नंबर और कक्ष आवंटन देखने पहुंचे, तब कुछ समय के लिए भीड़ जैसी स्थिति बन गई. हालांकि, विद्यालय प्रशासन और ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों ने तुरंत व्यवस्था संभाल ली और छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से उनकी निर्धारित कक्षाओं तक पहुँचाया. इसके बाद परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में शुरू हो सकी.

केंद्राध्यक्ष सरोज मैना ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है. परीक्षा को सुचारु और नकलमुक्त ढंग से संपन्न कराने के लिए 44 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है. साथ ही सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया गया है.

प्याज से भरी पिकअप पलटी, युवक की मौत

ललितपुर. कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द स्थित पंप के पास सड़क हादसा हो गया. प्याज से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र बारेलाल, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम भैंसाई के रूप में हुई है. बताया गया है कि श्रीराम मजदूरी का काम कर देर रात अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान मसोरा खुर्द पंप के पास प्याज से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह उसकी चपेट में आ गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, घायल पिकअप चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है.

गौवंश तस्करी के मामले में 5 वाहन जब्त

12 आरोपी गिरफ्तार

बैतूल. बैतूल बाजार पुलिस ने महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाए जा रहे पांच वाहनों को जब्त कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में 12 गोवंशों को मुक्त कराया गया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी व एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में की गई. पुलिस को कोलगांव रोड अयोध्या लॉन और आठनेर रोड बडोरा क्षेत्र में गोवंशों से भरे वाहनों के महाराष्ट्र जाने की सूचना मिली थी. थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी वाहनों को पकड़ा. जब्त किए गए वाहनों में पांच पिकअप और एक अशोक लीलैंड वाहन शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 11 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है. इन वाहनों में भरे 12 गोवंशों की कीमत करीब 2 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है. सभी आरोपियों के पास गोवंश परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9, 11 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया है. मुक्त कराए गए गोवंशों को त्रिवेणी गोशाला में सुरक्षित रखा गया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोरेलाल यादव, मुकेश कहार, चेतराम, मनीष यादव, अनिल कहार, रमेश यादव, इंगल यादव, अक्षय कुसंगे, प्रतीक सायवान, ऋतविक उमाडे और ऋषिकेश मैटकर शामिल हैं. पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने बताया कि जिले में गोवंश तस्करी या पशुओं के प्रति क्रूरता के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. उन्होंने आम नागरिकों से ऐसे किसी भी अवैध परिवहन या तस्करी की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर देने की अपील की है.

निजी स्कूलों से कम नहीं सांदीपनि

नवभारत न्यूज

सागर 8 फरवरी. जैसीनगर में विकास की एक और नई इबारत लिखी गई जहां 35 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा किया गया.

इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों से अच्छे बन रहे सांदीपनि विद्यालय यह सब जनता जनार्दन के आर्शीवाद से ही संभव हुआ है. मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मांग पर जल्द ही बिलहरा और सुरखी में करोड़ो के नये सांदीपनि विद्यालय खोले जायेंगें. अभी राहतगढ़ और जैसीनगर में आपके यहां यह विद्यालय खोले जा चुके हैं जिनमें प्राईवेट स्कूलों से अच्छी शिक्षा एवं व्यवस्थाएं मिलेगी.

इस अवसर पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि भवनविहीन शास.माध्यमिक शाला जेरा, विशनपुर, बरखेरा महंत, धाउ, हड़ा एवं भवन निर्माण हेतु शासकीय हाईस्कूल विदवास,बरोदा सागर, मिडवासा, मसुरहाई, गेहूंरास बुजुर्ग, पड़रई, आदि के लिए मांग की गई थी.

रेत का अवैध परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

गुना. जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वाले माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है.

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर रविवार को खनिज विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक छापामार कार्रवाई करते हुए खनिज का अवैध परिवहन और भंडारण कर रहे 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है. यह कार्रवाई जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा गुना शहर और आरोन तहसील में अंजाम दी गई, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है. विभागीय जानकारी के अनुसार, खनिज अधिकारी सचिन वर्मा की टीम ने भ्रमण के दौरान आरोन में 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को बिना किसी अनुमति और बिना रॉयल्टी के 'एम-सेंड' (रेत) का भंडारण एवं विक्रय करते हुए रंगे हाथों पकड़ा. इसी प्रकार, गुना शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र में भी टीम ने दबिश दी, जहाँ बिना अनुमति के भसुआ (मिट्टी/रेत मिश्रण) के भंडारण में लिप्त 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा गया. वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा किया.

करंट से किसान की मौत, बच्चे भी चपेट में आए

खास बातें
- परिवार को मुआवज़े की मांग
- बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 8 फरवरी , ग्राम पंचायत त्योन्दा क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में किसान दिनेश कुशवाह की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है. घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है.

जानकारी के अनुसार, दिनेश कुशवाह ने अपने खेत में फसल सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन लिया था. आशंका जताई जा रही है कि उसी कनेक्शन से खेत की तारबंदी में अवैध रूप से करंट प्रवाहित हो रहा था. सुबह पूजा करने के लिए दिनेश अपने दो बच्चों के साथ खेत की ओर जा रहे थे. इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए.झटका इतना तेज था कि दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके एक बेटे को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसका इलाज जारी है. विद्युत मंडल सहायक प्रबंधक का कहना है मृतक को जिसके खेत से करंट लगा है उसने खेत की मोटर चलाने के लिए कनेक्शन लिया था और इस कनेक्शन से तार फेंसिंग में अवैध रूप से करंट बिछाया गया था सुबह पूजा करने के लिए दिनेश और उसके दो बच्चे साथ वहां से निकले तो तार में आ रहे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही दिनेश की मौत हो गई और उनके एक लड़के को की करंट लगा है उसका इलाज जारी है ग्राम पंचायत त्योंदा सरपंच प्रतिनिधि श्री राम अहिरवार में विद्युत मंडल जी और टी आई से कहां है कि परिवार बहुत ज्यादा गरीब है मजदूरी करता था और अब उसके पत्नी मां और तीन बच्चे हैं शासन प्रशासन से उनको अधिक से अधिक मुआवजा दिलवाने की व्यवस्था करें जिससे उनका जीवन यापन हो सके.

जर्जर बिजली लाइनों पर कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में कई जगह बिजली लाइनें जर्जर हालत में हैं और तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है . उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद समय पर मरम्मत नहीं की जाती . परिजनों ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता और घायल बच्चे के समुचित इलाज की मांग की है . वहीं बिजली विभाग का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है .

रेलवे लाइन से लाखों का वायर चोरी

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 08 फरवरी, सं. खिलचीपुर थाना क्षेत्र के तहत रेलवे की निर्माणाधीन लाइन से कॉपर केटनरी वायर चोरी होने का मामला सामने आया है . राजगढ़-खिलचीपुर सेक्शन पर रघुनाथपुरा से फूलखेड़ी के बीच रेलवे ओवर ब्रिज के समीप से लगभग 630 मीटर कॉपर वायर चोरी हुआ है.

गौरतलब है कि उक्त रेलवे लाइन अभी चालू नहीं हुई है, इस पर विद्युतीकरण व अन्य निर्माण कार्य अभी जारी है. चोरी गये तार की कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है. इससे काफी नुकसान होना बताया जाता है. तार चोरी होने की घटना से यहां चल रहे निर्माण कार्य की गति प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है. रेलवे के सुपरवाइजर आशीष पटेल निवासी रीवा कॉलोनी रामपुर छापर, जबलपुर ने खिलचीपुर थाने में दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि चोरी गया वायर नई बीजी लाइन आरएमए-बीपीएल परियोजना का हिस्सा था. इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश की जा रही है.



कमाई करने में अव्वल, सुविधाओं में फिसड्डी

सीहोर. पश्चिम रेलवे को सर्वाधिक राजस्व देने वाले रेलवे स्टेशनों में शामिल सीहोर रेलवे स्टेशन आज यात्रियों की नजर में बदहाल व्यवस्था का प्रतीक बनता जा रहा है. भारी कमाई के बावजूद न तो पर्याप्त ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जा रहा है और न ही कोरोना काल में बंद की गई ओवरनाइट व अन्य महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों को अब तक बहाल किया गया है. 14 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम पर शुरू होने जा रहे रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, लेकिन रेलवे प्रशासन की तैयारी शून्य नजर आ रही है. यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो श्रद्धालुओं की फजीहत तय मानी जा रही है, क्योंकि कई ट्रेनों का स्टापेज छह साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है.

दुष्कर्म का आरोपी निकला सगा मामा

भैरुंदा. क्षेत्र के नर्मदा तटीय गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस जांच के दौरान बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. शुरुआत में जिस मामले को दो अज्ञात बाइक सवार युवकों द्वारा अंजाम दिया जाना बताया जा रहा था, वहीं जांच आगे बढ़ने पर यह घर के ही एक सदस्य तक जा पहुंचा. पुलिस ने पीड़िता के 16 वर्षीय नाबालिग सगे मामा को आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया है. यह घटना 4 फरवरी की सुबह लगभग 6 बजे की है. परिजनों को दिए गए शुरुआती बयान में बालिका ने बताया था कि दो बाइक सवार अज्ञात युवक उसे जबरन उठाकर खेत में ले गए थे और उसके साथ दुष्कर्म किया. घटना स्थल से पुलिस को एक काली जैकेट भी बरामद हुई थी, जिसे अहम सबूत मानते हुए जांच शुरू की गई. बालिका ने जो घटना स्थल बताया था वह रोड किनारे था जो पुलिस को सही नहीं लग रहा था. पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. इसी दौरान बालिका की मेडिकल रिपोर्ट कराई गई. पीड़िता के बयान में भी विरोधाभास सामने आए, जिससे पुलिस को पूरे मामले पर संदेह हुआ.

कार्रवाई अशोक नगर पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन' : 8.75 लाख का माल तबाह

ड्रोन से घेराबंदी कर माधोगढ़ में ढहाया शराब माफिया का किला

नवभारत न्यूज

अशोकनगर 8 फर. का. पुलिस ने रविवार तड़के एक ऐसी साहसिक और तकनीकी रूप से उन्नत कार्रवाई को अंजाम दिया, जिसकी गूँज पूरे अंचल में सुनाई दे रही है.

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में अशोकनगर पुलिस बल ने कचनार थाना क्षेत्र के ग्राम माधोगढ़ में 'ओर नदी' के किनारे चल रही अवैध कच्ची शराब की फैक्ट्री पर धावा बोलकर माफियाओं के साम्राज्य को तहस-नहस कर दिया.

यह कार्रवाई न केवल अवैध शराब की जब्ती के लिए, बल्कि पुलिस की रणनीति और आधुनिक तकनीक के सटीक तालमेल के लिए भी याद की जाएगी. जब पूरी दुनिया गहरी नींद में सो रही थी, तब अशोकनगर पुलिस अपनी रणनीति को जमीन पर उतार रही थी. सुबह के ठीक 4 बजे, जब अंधेरा घना था, एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल पुलिस बल ने माधोगढ़ गांव को चारों तरफ से घेर लिया. इस संयुक्त दल में पिपरई, कचनार, देहात, बहादुरपुर, शाडोरा, नईसराय, कोतवाली और पुलिस लाइन का भारी बल शामिल था.

यह समय इसलिए चुना गया क्योंकि नदी किनारे बसे इस दुर्गम क्षेत्र में अपराधी अक्सर पुलिस के आने की भनक लगते ही झाड़ियों और पानी का फायदा उठाकर भाग निकलते थे. लेकिन इस बार पुलिस की 'सर्जिकल स्ट्राइक' इतनी गुप्त और तेज थी कि आरोपियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला. माधोगढ़ का यह इलाका अपनी भौगोलिक बनावट के कारण बेहद चुनौतीपूर्ण है.

8.75 लाख का मशरूका : पुलिस ने जमींदोज किया शराब का अड्डा

कार्रवाई में पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत 06 प्रकरण दर्ज किए हैं . कार्रवाई का ब्यौरा किसी बड़ी सफलता से कम नहीं है . कार्रवाई के दौरान कुल 500 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 75,500 रुपये है . करीब 5000 लीटर शराब बनाने वाला कच्चा माल लहान पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया .